(d) the reasons for the increase of such acts of violence in the industry;

(e) in how many cases persons have been arrested for making gheraoes in the last 6 months; and

(f) whether Government have chalked out a scheme by which these violent acts may be avoided?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA). (a) to (e). The requisite information is being collected from the State Governments/Union Territories and will be laid on the Table of the Sabha in due course.

(f) Government is making efforts to improve the industrial climate in the country with the help of the Industrial Relations Machinery both at the Centre and in the States. Wherever necessary Government is intervening in disputes in the Central Sphere with a view to promoting settlements.

प्रधान मंत्री की हाल की यात्रा की उपलब्धियां

761. **श्री उग्रसेन :**

श्री सुरेन्द्र सिंह :

श्री माधव राव सिंधिया :

श्री एस० आर० सुब्रमण्यम :

श्री सी० के० चन्द्रप्पन :

श्री धर्मवीर वशिष्ठ :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस सदन को जून, 1978 में प्रधान मंत्री की हाल की ब्रुसेल्स, लंदन और अमरीका की यात्रा की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया जायेगा ;

(ख) अपनी हाल की यात्रा के दौरान उन्होंने ईरान के शाह के साथ किन-किन विषयों पर वार्ता की; और

(ग) अफगानिस्तान में सैनिक क्रांति और वहां पर नई सरकार की स्थापना से भारत का पड़ौसी देशों के साथ संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुन्डू) : (क) प्रधान मंत्री ने जिन देशों की यात्रा उन के नेताओं के साथ उन्होंने प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय मसलों और द्विपक्षीय हित के मामलों पर व्यापक विचार-विनिमय किया। विभिन्न देशों की उनकी यात्रा से इन देशों के साथ और अधिक समझबूझ और सहयोग का आधार सुदृढ़ हुआ है ।

(ख) प्रधान मंत्री ने शाह ईरान के साथ द्विपक्षीय हित, अन्तर्राष्ट्रीय महत्व और क्षेत्रीय महत्व के मामलों पर विचार-विमर्श किया ।

(ग) अफगानिस्तान की घटनाएं उस देश का आन्तरिक मामला है । अपनी ओर से भारत सभी पड़ौसियों के साथ सहयोग और विश्वास के संवर्द्धन और उस क्षेत्र में शान्ति तथा और अधिक आर्थिक सहयोग करने की नीति का अनुसरण करता रहेगा ।